न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाडा (राज0)

प्रकरण सख्या 215

नानीदेवी पत्नि शंकरलाल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी सलावटिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)

प्रार्थीया

बनाम

01 सज्जनी पत्नि रूपचन्द जाति गुसाई उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी झाडोली तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)

02 सुरेन्द्र कुमार पुत्र प्रभूलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी गोपालनिवास तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)

03 केसरसिह पुत्र भोपालसिह जाति शेखावत उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बारेडा तहसील व जिला भीलवाडा (राज0)

04 ऐजन देवी पत्नि बशीलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी केशरपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)

05 धापु पुत्री होकमपुरी जाति गुसाई उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी झाडोली तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)

06 शारदा देवी पत्नि मन्नालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी सलावटिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)

विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

दिनांक 30.5.22

–: आदेश :–

प्रार्थना पत्र **नानीदेवी पत्नि शंकरलाल जाति धाकड निवासी सलावटिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)** ने जरिये अभिभाषक **श्री रामफुल धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि हमारे एकल/सयुक्त खाते भूमि कि **मौजा ग्राम झाडोली पटवार हल्का सलावटिया तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 116 पर अंकित आराजी संख्या 855/15 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भूमि** पर विपक्षी आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावे साथ मे प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली मे संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 के अवलोकन से प्रार्थीया वादग्रस्त आराजीयात की खातेदार काश्तकार है। पडौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र सलग्न है। पत्थरगढी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नही पडता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **सलावटिया** को पत्थरगढी बाबत कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस 500/– रूपये तय की जाती है वक्त मौका प्रार्थी अदा करे।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर कि **मौजा ग्राम झाडोली पटवार हल्का सलावटिया तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 116 पर अंकित आराजी संख्या 855/15 रकबा 0.8094 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पडौसियान के पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष मे जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियॉ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ